प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जम्मू–कश्मीर में 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की अनेक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने उधमपुर–श्रीनगर–बारामुला रेल लिंक परियोजना राष्ट्र को समर्पित की। 272 किलोमीटर के इस रेल लिंक पर लगभग 44 हजार करोड़ रुपये की लागत आई है। पूरी तरह से विद्युतीकृत इस परियोजना में 36 सुरंग और नौ सौ 43 पुल हैं। प्रधानमंत्री ने विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज और भारत के पहले केबल रेल पुल – अंजी खड का भी शुभारंभ किया। श्री मोदी ने दो वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडी को भी झंडी दिखा कर रवाना किया।

00000

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत के युवाओं की वैश्विक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा है कि देश के युवाओं ने विश्व में अपनी छाप छोडी है। केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के 11वर्ष पूरे करने के अवसर पर श्री मोदी ने युवाओं को गतिशीलता, नवाचार और दृढ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश का विकास, युवाओं के दृढ विश्वास और असाधारण ऊर्जा शक्ति से प्रेरित है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि इन वर्षो में देश स्टार्टअप्स, विज्ञान, खेल, सामुदायिक सेवा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं का साक्षी बना है। श्री मोदी ने कहा कि युवा सशक्तिकरण पर केन्द्रित नीति और कार्यक्रम में एक निर्णायक परिवर्तन भी हुआ है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि युवा, विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे।

0000

भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार अंको की कटौती की है। अब रेपो दर 6 से घटकर साढे पांच प्रतिशत हो गई है। आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आरबीआई ने रेपो दर में लगातार तीसरी बार कटौती की है। नकद आरक्षित अनुपात– सीआरआर में भी सौ आधार अंको की कटौती की गई है। वहीं सीमांत स्थायी सुविधा– एमएसएफ और बैंक दर को पांच दशमलव सात–पांच पर समायोजित किया गया है।

0000

आज निर्जला एकादशी है। प्रदेश में इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजन हो रहे है। कल से शुरू हुए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आज निर्जला एकादशी पर वंदे गंगा जल सेवा की जा रही है। जल सेवा के तहत रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को पानी पिलाया जा रहा है। इसके साथ ही जल परीक्षण अभियान जल संरचनाओं की गाद निकालना और पशु पक्षियों के लिए साफ पीने के पानी की व्यवस्था करने के संबंध में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। भीलवाडा में नगर विकास न्यास की ओर से पौध रोपण किया गया। निर्जला एकादशी पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। भरतपुर के बिहारीजी मंदिर में शाम को महाआरती का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर राहगीरों को छाछ, शिकंजी और शरबत पिलाया जा रहा है।

0000

प्रदेश में आज दाउदी मुस्लिम बोहरा समाज की ओर से ईद उल अजहा का पर्व परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। झालावाड की बुरहानी मस्जिद में लोगों ने ईद की नमाज अदा की और कुर्बानी की रस्म अदा कर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। जिले के झालरापाटन सुनेल, अकलेरा और खानपुर में भी समुदाय के लोगों ने उल्लास के साथ ईद मनायी।

0000

क्षत्रिय युवक संघ के वरिष्ठ संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर का कल रात जयपुर के एसएमएस अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। श्री सिंह 1989 से संघ के सक्रिय और आदर्श नेता रहे। उन्होंने समाज में नैतिकता, चरित्र निर्माण और संस्कृति के उत्थान के लिए कई काम किए। उनके निधन पर समाज के लोगों के साथ ही कई राजनीतिक हस्तियों ने भी गहरा दुःख व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अनेक नेताओं ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

0000

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के असर से आज अलवर, भरतपुर, धौलपुर और करौली जिलों तथा आस–पास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इस बीच भरतपुर और धौलपुर में आज सुबह रिमझिम बारिश हुई। बीते 24 घंटों में बीकानेर, जयपुर, अजमेर, कोटा और भरतपुर संभागों में कुछ स्थानो पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान में आंधी बारिश की गतिविधियों में आज से कमी आने की संभावना है। साथ ही अगले चार–पांच दिन मौसम शुष्क रहने और तापमान में 4 से 6 डिग्री सैल्सियस की बढोतरी होने के आसार है। कल उदयपुर और कोटा संभाग में छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश होने तथा शेष भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

0000